Fourteenth Loksabha

Session : 9
Date : 24-11-2006

Participants : Gangwar Shri Santosh Kumar

an>

Title: Need to extend the routes of train starting from Kathgodown, Lalkuan upto Mathura for 15 days during the Samagam at Baba Jay Gurudev Ashram at Mathura.

श्री संतोा गंगवार (बरेली): महोदया, बाबा जय गुरुदेव उत्तर भारत के प्रमुख संतों में से हैं। 26 तारीख से 10 तारीख तक मथुरा में उनके आश्रम में एक विशाल संगम होगा जिसमें लाखों की तादाद में उनके अनुयायी आएंगे। मैंने माननीय रेल मंत्री जी को पत्र लिखकर आग्रह किया था कि काठगोदाम लाल कुआँ से कासगंज के लिए एक ट्रेन चलती है, इसको कासगंज से आगे मथुरा तक 15 दिन के लिए बढ़ाया जाए और बीच में जितने भी रेलवे स्टेशन्स हैं, उन पर इसको रोका जाए। बाबा जय गुरुदेव के अनुयायी लाखों की तादाद में उत्तर भारत से इन दिनों उनके आश्रम में मथुरा पहुंचते हैं और मुख्य रूप से गरीब और निचले तबके के लोग उसमें आते हैं और एक बहुत बड़ा संगम मथुरा में होता है। मैं आपके माध्यम से माननीय संसदीय कार्य मंत्री से आग्रह करूंगा और मैंने इस संबंध में रेल मंत्री जी को लिखा है कि 15 दिन के लिए ऐसा कर दें कि उस ट्रेन को मथुरा तक ले जाया जाए और उनके अनुयायी यात्रियों को सुविधा प्रदान की जाए।